यूपी में नेक्स्ट जनरेशन औद्योगिक पार्क बनेगा

अच्छी खबर 2

अजित खरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी एक विशाल इंडस्ट्रियल पार्क बनाने को तैयार है। विदेशों में कई जगह इस तरह के नेक्स्ट जनरेशन इंडस्ट्रियल पार्क बनाने का अनुभव रखने वाली कंपनी का यहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के तौर पर 2800 करोड़ रुपये के निवेश का इरादा है। कंपनी पश्चिमी यूपी में इसके लिए कम से कम 1500 एकड़ से ज्यादा की जमीन चाहती है।

यहां मिलेंगी सभी सुविधाएं: यह पार्क इस तरह तैयार होगा जब कोई भी कंपनी या निवेशक यहां उद्योग लगाना चाहे तो उसे सारी आधुनिक जरूरी व्यवस्थाएं व सुविधाएं पहले से उपलब्ध होंगी। यही नहीं पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण के आधुनिकतम तकनीक से लैस यह पार्क होगा। इसमें स्मार्ट सिटी, डिजिटल रणनीति, नवाचार पर फोकस होगा। चीन, थाईलैंड व फिलीपीन्स में इस तरह के पार्क काम कर रहे हैं।

हाल में यूपी के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से कंपनी के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की और भारत जापान निवेश प्रोत्साहन सहभागिता के आधार पर पार्क निर्माण का प्रस्ताव दिया। प्रस्तावित पार्क में इलेक्ट्रानिक्स, आटोमोबाइल, ईवी, एयरोस्पेस, रक्षा व फार्मा सेक्टर की कंपनियां निवेश करेंगी। यह जापानी कंपनी मरुबेनी असल में पांच सौ से ज्यादा कंपनियों का समूह है।

2800 करोड़ रुपये के निवेश से पार्क बनाने के लिए जापान की मल्टीनेशनल कंपनी तैयार

- कंपनी पश्चिमी उप्र में 1500 एकड़ जमीन चाहती है

यूपी में हाल में आया रोजगार

- डालमिया सीमेंट मिर्जापुर में 3000 करोड़ के निवेश से प्लांट लगाया है। यहां 2500 लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है।
- जेके सीमेंट 400 करोड़ के निवेश से प्रयागराज में व श्री सीमेंट 600 करोड़ से एटा में प्लांट लगाया है। यहां 500 लोगों को रोजगार मिल रहा है।
- फन जू ट्वायज गौतमबुद्धनगर में 1052 करोड़ रुपये निर्माण यूनिट लगाई है और 20 हजार लोगों को रोजगार दे रहा है।
- गौतमबुद्धनगर में हॉयर ने 584.5 करोड़ रुपये, फूजी सिल्वरटेक ने 500 करोड़ से,कोलार जेट इंडिया 128 करोड परियोजना लगा रहे हैं। यहां क्रमश: 2713, 700 व 125 लोगों को रोजगार देने जा रहा है।